जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 58 | अंक-7 | जयपुर, सोमवार, 14 फरवरी, 2022 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## स्वतंत्रता सेनानी और पत्रकार स्वर्गीय श्री राजेंद्र कुमार 'अजेय' की 106 वीं जयंती विशेष

राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक हमारा वतन साप्ताहिक समाचार पत्र के संस्थापक स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय श्री राजेंद्र कुमार अजेय की आज 14 फरवरी 2022 को 106 वी जयंती है ।

राजेंद्र कुमार 'अजेय' प्रदेश के वरिष्ठ और प्रथम पत्रकार थे जिन्होंने 16 फरवरी 2016 को 100 वे वर्ष में प्रवेश किया और मृत्यु से 1 महीने पहले तक हमारा वतन को संपादित किया ।



देशभक्ति के जोशीले लेखों के कलमकार, स्वतंत्रता सेनानी राजेंद्र कुमार 'अजेय' का नाम आजादी के क्रांतिकारियों में दर्ज है, जिन्होंने न केवल अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी बल्कि राजशाही सामंतों की भी खिलाफत की । देश की आजादी की लड़ाई में उनका जीवन किन कठिनाइयों से गुजरा उनकी चर्चा से ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं । आक्रामक व तीखी लेखनी के साथ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के संरक्षण हेतु संपादकीय कॉलम के ऊपर छपने वाली चार लाइने इस संदर्भ को आज भी स्पष्ट करती हैं कि - क्या खाक लिखे कोई, बरगश्ता जमाना है, कांटो पे भी चलना है, दामन भी बचाना है । सन 1965 में हमारा वतन साप्ताहिक समाचार पत्र की स्थापना की । 29 नवंबर को प्रथम अंक का प्रकाशन हुआ । जो आज 58 वें साल में प्रवेश कर निरंतर प्रकाशित हो रहा है ।राजेंद्र कुमार 'अजेय' उस शख्सियत का नाम है जिसका नाम लेते ही धमनियों में बहने वाला लहू तत्काल खौलने लगता है । जिसका सिर न कभी अंग्रेजों के सामने झुका, न राजा - महाराजा, ठाकुर ,सामंतों के सामने समर्पण भाव प्रकट किया । ओर तो ओर अपनों के सामने भी यातना के स्वर नहीं निकाले । यही तो 'अजेय' जी की जीवन शैली की उत्कृष्ठता थी कि सर कटा सकते हैं लेकिन, सर झुका सकते नहीं !

106 वें जन्मदिवस पर हमारा वतन समाचार पत्र परिवार साष्टांग प्रणाम करता है ।

# कोयला आपूर्ति के लिए सभी वैकल्पिक उपाय सुनिश्चित किए जाएं : मुख्यमंत्री



**जयपुर (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिजलीघरों को मांग के अनुरूप कोयले की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि प्रदेश में कहीं भी विद्युत उत्पादन में बाधा नहीं आए। इसके लिए तमाम वैकल्पिक उपायों पर विचार किया जाए। गहलोत मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कोयला आपूर्ति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि ऊर्जा राज्यमंत्री एवं ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव दिल्ली जाकर संबंधित मंत्रालयों के स्तर पर उचित समन्वय करें। उन्होंने कहा कि कोयले की आपूर्ति बढ़ाने के लिए केन्द्रीय कोयला मंत्रालय तथा कोल इंडिया लिमिटेड से लगातार सम्पर्क रखा जाए। कोयला खदानों से कोयले के शीघ्र उठाव के लिए रेलवे से प्रदेश को और अधिक संख्या में रैक उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाएं। इसके साथ ही आयातित कोयले अथवा शॉर्ट टर्म टेंडर के जरिए बिजली खरीद सहित प्रदेश के निजी थर्मल प्लांटों से उत्पादन बढ़ाने की संभावनाओं पर भी काम किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊर्जा विभाग के अधिकारी प्रदेश में विद्युत की सुचारू आपूर्ति के लिए नए कोल ब्लॉक्स आवंटन, कोयले के सुचारू परिवहन एवं भण्डारण की व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा करें। अधिकारी सुनिश्चित करें कि विद्युत इकाइयों के संचालन के लिए पर्याप्त मात्रा में कोयले का भण्डारण उपलब्ध हो ताकि कोयले की किल्लत का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कोल इंडिया सहित अन्य कंपनियों को भुगतान संबंधी प्रक्रियाओं को भी समय पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। ऊर्जा राज्यमंत्री भंवर सिंह भाटी ने कहा कि प्रदेश में कोयला संकट की स्थिति उत्पन्न नहीं हो, इसे देखते हुए केंद्र सरकार एवं कोल माइन्स आदि से निरंतर समन्वय बनाया जा रहा है। रेलवे से भी रैक की संख्या बढ़ाने के लिए आग्रह किया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा सुबोध अग्रवाल ने बताया कि कोल इंडिया की सहायक एनसीएल एवं एसईसीएल द्वारा तापीय विद्युत गृहों को 9 रैक प्रतिदिन आपूर्ति की जा रही है। पारसा ईस्ट एवं कांटा बेसिन कोल ब्लॉक से 8 से 9 रैक प्रतिदिन आपूर्ति हो रही है। फरवरी 2022 के बाद पारसा ईस्ट कांटा बेसिन ब्लॉक से कोयले की आपूर्ति बंद होने की संभावना है। ऐसे में कोल इंडिया लिमिटेड से अतिरिक्त कोयला आवंटन के लिए संपर्क किया जा रहा है।

# नगरसेवक गुरुमुख सिंग द्वारा पुरस्कार वितरण एवं सत्कार समारोह संपन्न



**मुंबई (हमारा वतन)।** ठाणे महानगरपालिका शाला क्रमांक 127 शांति नगर वागले इस्टेट ठाणे में डॉ. धर्मवीर भारती सम्मान से सम्मानित होने पर प्रभारी मुख्याध्यापक राजकुमार राम लखन यादव का स्थानीय नगर सेवक गुरूमुख सिंह क्स्यानक्के कर कमलों द्वारा शाल एवं पुष्पगुच्छ देकर सत्कार किया गया।इस अवसर पर बसंत पंचमी में आयोजित भाषण, चित्रकला, गायन स्पर्धा, में भाग लेने वाले विद्यार्थीयों को नगर सेवक गुरुमुख सिंग, प्रमुख अतिथि श्रीकांत दुबे, वाणी ज्यु कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ आर. एम. पाल तथा नौपाड़ा कैनेरा बैंक के पूर्व प्रबंधक अशोक जाधव के कर कमलों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कक्षा आठवीं की छात्रा खुशबु महेंद्र बिंद, पायल सूर्य प्रसाद रावत, नैंसी जगदीश वर्मा, रोहिणी रमेश बिष्ट, अंजलि महेंद्र बिंद, खुशी जटाशंकर मिश्रा ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत प्रस्तुत किया । इंचार्ज रेखा तिवारी ने अतिथियों का सत्कार किया । सूत्रसंचालन सुनीता सरौदे तथा आभार वरिष्ठ शिक्षक चंद्रशेखर यादव ने व्यक्त किया ।

## ड्रीम अचीवर्स क्लब के सदस्यों ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से की मुलाकात

जयपुर (हमारा वतन)। ड्रीम अचीवर्स क्लब के सदस्यों ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से उनके निवास स्थान पर मुलाकात की। वसुंधरा ने क्लब के काम के उद्देश्य की भूरी - भूरी प्रशंसा की और आगामी कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दी। क्लब की संस्थापक प्रीति गोयल ने बताया कि यह क्लब नारी सशक्तिकरण व महिला उत्थान के लिए कार्य कर रहा है । क्लब का मूल उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। क्लब की अध्यक्ष मीनाक्षी जैन व उपाध्यक्ष शिल्पा अग्रवाल ने बताया के यह क्लब महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करता है व साथ ही उनके हुनर को निखारने के लिए तत्पर रहता है।



# महिला गौरव अवॉर्ड समारोह के पोस्टर का विधायक ने किया विमोचन




**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं शहर में वूमन वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में हर वर्ष होने वाले महिला गौरव अवॉर्ड समारोह के पोस्ट का विमोचन बीजेपी मुख्य प्रदेश प्रवक्ता और चौमूं विधायक रामलाल शर्मा के कर कमलों से किया गया । वूमन वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष और गोल्डन बेल्स अकैडमी की निदेशक जगविंदर कौर ने बताया कि हमारी सोसाइटी लगातार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयासरत है और उनकी सभी समस्याओं को दूर करने के लिए 24 घंटे खड़ी रहती है । महिला दिवस पर 6 मार्च को महिला गौरव अवॉर्ड समारोह आयोजित किया जायेगा । समारोह में चौमूं विधानसभा क्षेत्र की ऐसी महिलाएं जिन्होंने अपने - अपने क्षेत्र में स्पेशल काम किया है ,उनको महिला गौरव अवार्ड देकर सम्मानित किया जाएगा ।

Happy Wedding Anniversary

13वीं वैवाहिक वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं (14 फरवरी)



गुंजन सैनी - भूपेंद्र तंवर

बाबूलाल सैनी - फूली देवी,
राजेंद्र तंवर - विजयलक्ष्मी तंवर,
पुष्पेंद्र तंवर, हृदय तंवर
और हमारा वतन समाचार पत्र की
ओर से हार्दिक शुभकामनाएं !

आपकी जोड़ी हमेशा सलामत रहे !



## प्रेम का अनुदान

दे सको तुम कुछ मुझे
तो प्रेम का अनुदान दो
हम तुम अपरिचित ही सही
इस तारों भरे नभ के तले
संबंध सीमित ही सही
मेरे तुम्हारे बीच के
दे सको तुम कुछ मुझे
तो प्रेम का अनुदान दो
आंसू तुम्हारी आंख का
मैं मांग कर भी क्या करूं
जीवंत सांसे दो मुझे
या फिर मुझे मुस्कान दो
दे सको तुम कुछ मुझे
तो प्रेम का अनुदान दो
दो चार कदम मैं चलूं
दो चार कदम तुम भी चलो
तुम महक सांसों से भरो
तो फूल बनकर मैं खिलूं
दे सको तुम कुछ मुझे
तो प्रेम का अनुदान दो
हो पाये अगर बीच हमारे
अनुबंधन इतना- सा
मैं दूं तुम्हें स्वर
तुम मुझे सरगम दो
दे सको तुम कुछ मुझे
तो प्रेम का अनुदान दो



**योगिता जोशी**

# यूपी में महिलाओं की सुरक्षा पर दुबारा सत्ता में आएगी भाजपा : गुड्डू सैनी

**उत्तर प्रदेश (हमारा वतन)।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री एवम एटा विधानसभा के प्रवासी प्रभारी गुड्डू सैनी ने कहा की यूपी में सुशासन ,बहिन ,बेटियो की सुरक्षा के नाम पर भाजपा दुबारा सत्ता में काबिज होगी। एटा सदर विधानसभा में राजस्थान प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर प्रवासी प्रभारी के तौर पर किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री सैनी ने एटा सदर विधानसभा क्षेत्र के छह भाजपा मंडल ,एवम 80 शक्ति केंद्रो के 423 बूथों पर जाकर पन्ना प्रमुख एवम लाभार्थियों से व्यक्तिगत मिलकर भाजपा के पक्ष में प्रचार कर रहे है।क्षेत्र की जनता केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा जरूरतमंदों को प्रधानमंत्री आवास योजना ,मुफ्त राशन योजना से आमजन खुश है , वही योगी जी की बुलडोजर सरकार में गुंडागर्दी खत्म हुई वही




योगी राज में बहिन बेटी सहित आमजन सुरक्षित ।सैनी ने कहा की निश्चित रूप से एटा सदर सहित जिले की चारो विधानसभा , मलाहर ,जलेसर ,ओर अलीगंज में कमल खिलेगा वही यूपी में सुराज,सबका साथ ,सबका विकास, प्रवास प्रभारी गुड्डू सैनी ने प्रत्याशी विपिन भाई के साथ घर-घर संपर्क करके भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की गुड्डू सैनी भारतीय किसान मोर्चा के राजस्थान के प्रदेश मंत्री हैं सैनी लगातार 1 महीने से यूपी में कमान संभाले हुए हैं साथ ही भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड़ भी मजबूती के साथ यूपी चुनाव में घर घर प्रचार में लगे हुए हैं भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की ।

गौरतलब है कि गुड्डू सैनी शाहपुरा के निवासी है । सैनी भारतीय जनता पार्टी की टिकट पर लगातार तीन बार पार्षद भी रह चुके । सैनी ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय कार्यकारिणी में भी है । फिलहाल भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री का दायित्व गुड्डू सैनी के पास है । गुड्डू सैनी संगठन में विभिन्न पदों पर अपनी सेवा दे चुके एवं विभिन्न राज्य में चुनाव प्रचार में भी गुड्डू सैनी पार्टी की तरफ से जाते रहते हैं । यूपी में गुड्डू सैनी शाक्य ,कुशवाह ,मौर्य ,सैनी, समाज के बोट भाजपा के पक्ष में देने की अपील कर रहे हैं ।

## पंडित रविंद्र आचार्य ने विप्र कल्याण बोर्ड का अध्यक्ष बनने पर महेश शर्मा को दिया आशीर्वाद

**जयपुर (हमारा वतन)।** महेश शर्मा को राजस्थान सरकार द्वारा विप्र कल्याण बोर्ड का अध्यक्ष बनाने पर तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य द्वारा बाबा श्याम का दुपट्टा पहनाकर आशीर्वाद प्रदान किया और उज्जवल भविष्य की कामना की । इस दौरान कल्याण बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष महेश शर्मा ने कहा की विप्र बंधुओं के कल्याण के लिए मैं हमेशा ईमानदारी से कार्य करूंगा । राजस्थान सरकार ने जो मुझ पर विश्वास जताया है उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा । इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष सेवादल राजेन्द्र शर्मा,युवा कांग्रेस नेता युगलकिशोर शर्मा बबलेश , सचिव ब्राह्मण युवा महासभा गिर्राज शर्मा, मनीष मिश्रा और अन्य ब्राह्मण बंधु भी मौजूद रहे ।



## रक्तदान जीवनदान फाउंडेशन राष्ट्रीय स्तर पर मरीजों की बचा रहे जान



**जयपुर (हमारा वतन)।** रक्तदान जीवनदान फाउंडेशन राष्ट्रीय स्तर पर पेशेंटो को ब्लड, प्लाज्मा, प्लेटलेट्स, उपलब्ध करवा कर मानव जीवन बचाने का प्रयास कर रहे हैं। रक्तदान जीवनदान फाउंडेशन संयोजक मोहन लाल शेखावाला ने बताया कि फाउंडेशन से जुड़े रक्तवीर कॉल या संदेश के माध्यम से सूचना मिलते ही तुरन्त अस्पताल पहुंचकर पेशेंट का जीवन बचा रहे हैं। उत्तरप्रदेश की कैंसर पेशेंट महिला के लिए लोकेश चोधरी ने महावीर कैंसर हॉस्पिटल जयपुर में प्लेटलेट्स, गंगापुर कैंसर पेशेंट के लिए शोकिन मीणा भगलाई ने महात्मा गांधी हॉस्पिटल में प्लेटलेट्स तथा हार्ट पेशेंट के लिए पुनित पटवा एवं कृष्ण कुमार मीणा दोपुर ने एस.एम.एस अस्पताल जयपुर में रक्तदान किया। मनोज शर्मा दौसा एवं संजू दौसा ने भी हाल ही में एसएमएस अस्पताल जयपुर में रक्तदान कर इंसानियत का फर्ज निभाया। फाउंडेशन के सहसंचालक लक्की पटवा बांदीकुई एवं विकास दोपुर ने फाउंडेशन की ओर से 8 यूनिट ब्लड हार्ट पेशेंट के लिए ब्लड बैंक से उपलब्ध करवा दिया । रक्तदान जीवनदान फाउंडेशन ने अब तक 3000 से अधिक लोगों का जीवन बचाने के लिए रक्तदान करवा चुकी हैं। रक्तदान के दौरान मोहन लाल शेखावाला, राजेंद्र चौधरी फागी, अंजय घुमना, सी.एल हनुतिया (दतवास टोंक), धारा सिंह करोली, दिनेश हरिपुरा, नन्दू हरिपुरा, सुमित गुमानपुरा, ओमप्रकाश देवडवाल, राजेश , विकास आदि उपस्थित रहे।

# मिस्टर, मिस एंड मिसेज प्राइड ऑफ भारत - सीजन 2 के लिए हुए ऑडिशन





**जयपुर (हमारा वतन)।** गठजोड़ फिल्म्स एन्ड एंटरटेनमेंट द्वारा आयोजित मिस्टर, मिस एन्ड मिसेज प्राईड ऑफ भारत - सीजन 2 ब्यूटी पेजेंट एवं द ग्लैमडोर फैशन शो वैशाली नगर स्थित एक होटल में सम्पन्न हुआ। शो डायरेक्टर मिताली सोनी ने बताया कि इस अवसर पर फर्स्ट इंडिया न्यूज के सीएमडी जगदीश चंद्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मिस्टर, मिस एंड मिसेज प्राइड ऑफ भारत के राजस्थान ऑडिशन में जमकर प्रतिभागियों ने जोश दिखाया। ऑडिशन में जूरी के रूप में एक्ट्रेस दीप्ति सैनी, युथ आइकॉन ऋषि मिगलानी, डायरेक्टर कुलदीप सिंह, मॉडल खुशबू दहिया, मॉडल प्रतिभा चौधरी एवं मॉडल यश अग्रवाल रहे। शो के फाउंडर महावीर कुमार सोनी ने बताया कि इस अवसर पर फैशन बेस्ड कॉन्सेप्ट द ग्लैमडोर फैशन शो का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रदेश की प्रख्यात मॉडल्स के द्वारा रैंप वॉक के माध्यम से दीप्रा एवं रागारासा ब्रांड के लेटेस्ट क्लोदिंग कलेक्शन द्वारा लुक लॉन्च किया गया। शो में मॉडल एण्ड एक्ट्रेस श्रेया जैन व मुस्कान कामदार को मिस प्राइड ऑफ भारत 2022 व गठजोड़ फिल्म्स का ब्रांड एम्बेसडर मनोनीत किया गया। सोनी ने बताया की फैशन शो में ज्वेलरी पार्टनर के रूप में जय ज्वेल्स, मेकअप पार्टनर के रूप में साक्षी मेकओवर ने सहयोग दिया। कार्यक्रम की फोटोग्राफी एबीसी मीडिया एवं कोरियोग्राफी मोहित नाज़कानी द्वारा की गई।

## भाजपा सत्ता में आई तो यूपी के गांव विकास में शहरों को देंगे टक्कर

**लखनऊ(एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने यूपी विधानसभा चुनाव के लिए लोक कल्याण संकल्प पत्र में शहर के साथ-साथ गांव पर अधिक फोकस किया है। इसमें सिंचाई और ग्रामीण समृद्धि की झलक भी देखने को मिली है। संकल्प पत्र के मुताबिक, भाजपा सत्ता में आई तो यूपी के गांव विकास के मामले शहरों को टक्कर देते दिखेंगे। सर्वाधिक आबादी वाला प्रदेश होने के नाते यूपी में गांवों की भी संख्या सर्वाधिक है। देश के 6.5 लाख गांवों में से करीब एक लाख गांव तो यहां हैं। गांवों को अर्थव्यवस्था का सुदृढ़ अंग बनाने और गांव-गांव के समग्र विकास की कार्ययोजना बनाई और उसे क्रियान्वित किया। भाजपा ने अपने लोक कल्याण संकल्प पत्र में इसके प्रति प्रतिबद्धता जतायी है। संकल्प पत्र के मुताबिक भाजपा सत्ता में आई तो यूपी के गांव विकास के लिहाज से शहरों से होड़ लेंगे। मसलन मुख्य शहर से गांव को जोड़ने वाली सोलर लाइट की दूधिया रोशनी से नहाई चकाचक सड़क होंगी। संकल्प पत्र के मुताबिक, जल निकासी के लिए पक्की नालियां, हर ग्राम पंचायत पर बस स्टेशन, इनके लिए 2000 अतिरिक्त बसों की व्यवस्था और इंटरनेट कनेक्टिविटी और जल जीवन मिशन के तहत 2024 तक हर घर तक शुद्ध पेयजल की व्यवस्था होगी।

## देश में चलेंगी 7 बुलेट ट्रेन, जल्द तैयार होगा सर्वेक्षण और परियोजना रिपोर्ट : रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** रेल मंत्रालय ने सात हाई स्पीड रेल (बुलेट ट्रेन) कॉरिडोर-दिल्ली-वाराणसी, मुंबई-नागपुर, दिल्ली-अहमदाबाद, मुंबई-हैदराबाद, चेन्नई-बेंगलुरु-मैसूर, वाराणसी-हावड़ा और दिल्ली-अमृतसर के लिए सर्वेक्षण करने और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने का निर्णय लिया है। राज्यसभा में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी कि मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना के लिए अभी तक गुजरात में 954.28 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया गया है। उन्होंने कहा कि देश में बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट पर चल रहे काम पर अपडेट है। केंद्र सरकार शुक्रवार को संसद में स्वीकार किया कि मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना (बुलेट ट्रेन) के अमल में आने में फिलहाल थोड़ी देरी हुई है।

## नेपाली मार्केट में गर्म कपड़ों पर मिल रही 30 प्रतिशत की बम्पर छूट

**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं शहर में हर बार की तरह इस बार भी गर्म कपड़ों का हिमालयन बुद्धिष्ट नेपाली मार्केट पालीवाल मार्ग के सामने जयपुर रोड पर लगा हुआ है। इसमें सर्दी के गर्म कपड़ों की सभी वैरायटी उपलब्ध है। सभी प्रकार के गर्म कपड़ों पर 30 प्रतिशत की छूट ग्राहकों को दी जा रही है । मार्केट के प्रधान लोग जंग दोरजे और उपप्रधान अनुज शेरपा ने बताया कि क्षेत्र के चौमूं क्षेत्र के लोगों का हमें कई सालों से साथ और सहयोग मिलता रहा है । इस बार भी ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ मार्केट में देखी जा सकती है। हमारा हमेशा प्रयास रहता है कि ग्राहकों को उच्च क्वालिटी के गर्म कपड़े उचित रेट पर प्रदान किए जाएं । मार्केट में किसी भी प्रकार की बारगेनिंग नहीं की जाती है, अब 30 प्रतिशत की छूट पर गर्म कपड़े उपलब्ध है । सिर्फ 20 फ़रवरी तक हमारा मार्केट खुला रहेगा ।



## जॉब्स

1. संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), पद आईएएस/ आईएसएस, पद संख्या 1021, अंतिम तिथि 22 फरवरी 2022
2. राजस्थान विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, पद टेक्निकल हेल्पर थर्ड, पद संख्या 1512, अंतिम तिथि 28 फरवरी 2022
3. राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड (आरएसएमएसएसबी), पद कंप्यूटर अनुदेशक, पद संख्या 10157, अंतिम तिथि 9 मार्च 2022
4. स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एसएससी) सीएचएसएल 2021, पद एलडीसी, जेएसए, डीईओ, पद संख्या अघोषित, अंतिम तिथि 7 मार्च 2022
5. सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (सीआईएसफ), पद हेड कांस्टेबल, पद संख्या 249, अंतिम तिथि 31 मार्च 2022
6. सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (सीआईएसफ), पद कॉन्स्टेबल/ फायर, पद संख्या 1149,अंतिम तिथि 4 मार्च 2022
7. यूपी पुलिस, पद असिस्टेंट ऑपरेटर, पद संख्या 1374, अंतिम तिथि 28 फरवरी 2022
8. ईस्ट कोस्ट रेलवे, पद ट्रेड अप्रेंटिस, पद संख्या 756, अंतिम तिथि 7 मार्च 2022

## छः माह से अधिक लम्बित मामलों को 15 फरवरी तक निस्तारण करे- जिला कलक्टर

**जयपुर(नि.सं.)।** जिला कलक्टर राजन विशाल ने सम्पर्क पोर्टल पर छः माह से अधिक के लम्बित मामलों की समीक्षा की तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को 15 फरवरी तक लम्बित मामलों के निस्तारण करने के निर्देश दिये।

श्री विशाल ने जेडीए, स्थानीय निकाय विभाग, खान विभाग सहित विभागवार सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित मामलों के बारे में समीक्षा की तथा 15 फरवरी तक सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित मामलों को निस्तारित करने के निर्देश दिये साथ ही कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारी समय-समय पर मॉनिटरिंग भी करे। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती सुमन सहित जेडीए, स्थानीय निकाय विभाग आदि विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मिथ्या में नजर आएंगी हुमा कुरैशी

# भाग्यश्री की बेटी अवंतिका दासानी के बारे में क्या बोलीं एक्ट्रेस?

अवंतिका दासानी स्टारर मिथ्या एक 6-भाग वाली वेब सीरीज है, जो रोहन सिप्पी द्वारा निर्देशित और रोज ऑडियो विजुअल प्रोडक्शन के सहयोग से अप्लॉज़ एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है। बता दें कि इस सीरीज के साथ भाग्यश्री की बेटी अवंतिका दासानी अपना डेब्यू कर रही हैं और इसमें परमब्रत चटर्जी, रजित कपूर और समीर सोनी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

**निर्देशक रोहन के बारे में हुमा क्या बोलीं-** हुमा कुरैशी ने इस सीरीज में काम करने के अपने अनुभव के बारे बात करते हुए साझा किया,रोहन के साथ काम करके बहुत अच्छा लगा। वह एक प्यारे निर्देशक हैं। वह फिल्मों से प्यार करते है, उन्हें संगीत पसंद है और इस तरह के ब्राइट माइंड के साथ काम कर के अच्छा लगा। साथ ही, सभी कलाकार बहुत प्रतिभाशाली है।



**अवंतिका के लिए क्या बोलीं हुमा -** वहीं हिंदी सिनेमाई पारी की शुरुआत कर रहीं भाग्यश्री की बेटी अवंतिका के बारे में हुमा ने कहा, यह अवंतिका की पहली फिल्म है और मुझे सच में विश्वास है कि उन्होंने इस किरदार को बहुत ही कुशलता से निभाया है और वह जिस तरह की अदाकारा हैं उसे देखकर आप हैरान रह जाएंगे। बेशक, परम ने न केवल बंगाली में बल्कि हिंदी में भी बहुत अच्छा काम किया है और मुझे लगता है कि उस स्ट्रीक को जारी रखते हुए उन्हें ऑनस्क्रीन देखना अच्छा अनुभव होगा।

**जूही के किरदार में हुमा-**बाकी कलाकारों के बारे में हुमा ने कहा, साथ ही, यहां इंद्रनील, रजित, समीर सोनी, अवंतिका हैं जो मेरी माँ की भूमिका निभा रही हैं और यहाँ तक कि के.सी. जैसे नए कलाकार भी हैं। इतने प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ काम करने में बहुत मज़ा आया। बता दें कि मिथ्या में हुमा कुरैशी ने जूही की भूमिका निभाई है, जो एक हिंदी लिटरेचर यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर हैं और अवंतिका दासानी उनकी छात्रा, रिया राजगुरु की भूमिका में नजर आएंगी।

## *Valentine's Day Skincare Tips*

# इन घरेलू नुस्खों के साथ करें खुद को वैलेंटाइन डेट के लिए तैयार



जब आप अपनी स्पेशल डेट के लिए कुछ खास ढूंढ रहीं हो तो आपकी रसोई में मौजूद कुछ खास सामग्रियां आपके काम आ सकती हैं। वैलेंटाइन डे के लिए ज्यादातर लड़कियां अपनी तैयारियों में जुट गई हैं। इन्हीं में सबसे जरूरी तैयारी है एक चमकदार और जवां त्वचा । पर क्या आप इसके लिए महंगे सैलून या टॉप ट्रेंडिंग ब्यूटी प्रोडक्ट ढूंढ रहीं है? तो रुक जाइए, क्योंकि सौंदर्य विशेषज्ञ शहनाज़ हुसैन लेकर आईं हैं वे टिप्स जो आपको घरेलू मसालों के इस्तेमाल से ही एक बेहतर और बेदाग त्वचा पाने में मदद करेंगे। आइए जानते हैं अपनी वैलेंटाइन डेट पर ग्लोइंग स्किन के लिए कैसे करें इन घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल।

**यहां हैं वे घरेलू नुस्खे जो आपको वैलेंटाइन्स डेट के लिए दे सकते हैं परफेक्ट ग्लोइंग स्किन**

**1 एंटी एजिंग है धनिया-**हाल के शोध से पता चला है कि धनिए में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो उम्र बढ़ने के संकेतों को बढ़ने से रोकते हैं। इसमें विटामिन सी, विटामिन के और कुछ मात्रा में बी-विटामिन के साथ-साथ लौह, मैग्नीशियम, कैल्शियम, पोटेशियम और कैरोटीन जैसे खनिज भी होते हैं। इसमें एंटीसेप्टिक और कीटाणुनाशक गुण होते हैं और इसके एंटी-फंगल और एंटी-इंफ्लेमेटरी लाभ भी होते हैं। भारत में हर घर में यह आसानी से मिल जाता है और त्वचा पर इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। धनिए की पत्ती और बीज दोनों का इस्तेमाल किया जा सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में धनिया के पत्तों का लेप सिर पर लगाने से खुजली और रूखापन दूर होता है। अपने एंटीसेप्टिक और एंटीबैक्टिरियल गुणों के कारण, धनिया मुंहासों को रोकने और उन्हें ठीक करने में मददगार है। धनिए की पत्ती और लेमन ग्रास का एक साथ इस्तेमाल किया जा सकता है।

**त्वचा के लिए इस तरह करें धनिये का इस्तेमाल-** एक चम्मच धनिए की पत्ती और एक चम्मच लेमन ग्रास लें। एक कप उबलता पानी डालें और इन्हें एक घंटे के लिए भिगोकर छोड़ दें। फिर इसका पेस्ट बनाएं और मुंहासों पर लगाएं। 20 मिनट के लिए छोड़ दें और सादे पानी से धो लें।धनिए का फेस पैक बनाकर त्वचा पर लगाने से चमक आती है और मुहासों के निशान भी मिट जाते हैं।ताजे टमाटर, धनिए की पत्ती और डंडियों में गुलाब जल मिलाकर पेस्ट बना लें। अगर कंसिस्टेंसी ठीक है, तो आप इसे चेहरे पर पैक की तरह लगा सकते हैं। या थोड़ी सी मुल्तानी मिट्टी मिला लें। चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट बाद धो लें।आधा कप ओट्स, एक चौथाई कप दही, एक चौथाई कप कटा हुआ खीरा लें। इन्हें पीसकर इनका पेस्ट बना लें। होंठों और आंखों से बचाते हुए चेहरे पर लगाएं। 20 मिनट के लिए छोड़ दें और पानी से धो लें। यह फेस मास्क टैन को कम करता है और चेहरे की त्वचा को चमकदार बनाता है।

**2 बरसों से कायम है हल्दी का जादू** -हल्दी हमारे पारंपरिक सौंदर्य प्रसाधनों में से एक है और बहुत पहले से इसका इस्तेमाल किया जाता रहा है। अपने बेहतरीन गुणों के कारण ही, इसका इस्तेमाल भारतीय विवाह समारोहों और अन्य रस्मों में भी किया जाता है। पहले के समय में, त्वचा को सुंदर बनाने के लिए हल्दी को बॉडी पैक या उबटन में मिलाया जाता था। इसमें एंटीसेप्टिक और कीटाणुनाशक गुण होते हैं। हल्दी त्वचा को कोमल और चमकदार बनाती है।



## वैलेंटाइन्स डे पर शानदार दिखने के लिए फॉलो करें शहनाज़ हुसैन के ये स्पेशल DIY ब्यूटी हैक्स

हम जानते हैं कि आप अपने खास दिन पर सबसे खास दिखना चाहती हैं। इसलिए आपके लिए यहां हैं हेयर और स्किन केयर के कुछ सबसे स्पेशल हैक्स।वेलेंटाइन डे आने वाला है। स्किन पर ग्लो दिखना जरूरी है! आप सभी इसके लिए कुछ न कुछ खास तैयारियां कर रहीं होंगी। पर हेल्दी स्किन ओवरनाइट नहीं पाई जा सकती। इसके लिए हेल्दी डाइट और रूटीन फॉलो करना जरूरी है। पर हमारे पास कुछ ऐसे हैक्स हैं, जिन्हें फॉलो करके आप अपनी त्वचा और बालों में इंस्टेंट शाइन पा सकती हैं। वैलेंटाइन्स डे डेट के लिए ये DIY ब्यूटी हैक्स बता रहीं हैं सौंदर्य विशेषज्ञ शहनाज़ हुसैन।

**गुलाब है सदाबहार-**अगर आप अपनी त्वचा को टोन करना चाहती हैं तो गुलाब आपके लिए सदाबहार ऑप्शन है। इसके लिए ठंडे गुलाब जल से रोजाना त्वचा को टोन करें। एक बाउल में गुलाब जल डालें और थोड़ी सी रूई भिगोकर फ्रिज में रख दें इसका इस्तेमाल त्वचा को पोंछने के लिए करें या फिर त्वचा पर लगाएं। गालों पर, हाथों को नीचे और ऊपर की ओर करें, सारे में लगाते हुए हल्के से हाथों को दबाएं। माथे पर, बीच से शुरू करते हुए दोनों तरफ लगाएं। फिर कानों से पास तक आएं। ठुड्डी पर सर्कुलर मूवमेंट करें।

# 'द फेम गेम' में नजर आएंगी माधुरी दीक्षित, कहा- 'शोहरत की समस्याओं को...'

बॉलीवुड की खूबसूरत अभिनेत्री माधुरी दीक्षित नेने अपनी डिजिटल पारी के लिए तैयार हैं। माधुरी दीक्षित, नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज द फेम गेम में नजर आएंगी। नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होने वाली उनकी अपकमिंग वेब सीरीज द फेम गेम में वह एक फिल्मी सितारे की भूमिका निभा रही हैं, जिसका किरदार उनके जीवन से एकदम भिन्न है। द फेम गेम की रिलीज से पहले माधुरी दीक्षित ने अपने किरदार और सीरीज के बारे में बात की।



**अनामिका के किरदार में माधुरी-**इस सीरीज में माधुरी एक बॉलीवुड अदाकारा अनामिका आनंद की भूमिका में हैं ,जो एक दिन गायब हो जाती है और उसके बाद उसका जीवन बदल जाता है। डिजिटल माध्यम से शो का ट्रेलर लांच किए जाने के दौरान, 54 वर्षीय अभिनेत्री ने कहा कि उन्हें सीरीज की पटकथा पसंद आई और उन्होंने तत्काल इसमें काम करने का फैसला ले लिया। **मुझे स्क्रिप्ट पसंद आई**...माधुरी ने कहा, मुझे स्क्रिप्ट पसंद आई, मुझे उसका (किरदार) सफर अच्छा लगा। यह शोहरत के बारे में है। जब आपके जीवन में शोहरत होती है तो कौन सी जटिलताएं और कमियां हो सकती है, यह उसके बारे में है। यह कहानी एक महिला के बारे में है जिसकी जिंदगी सामान्य रूप से चल रही होती है लेकिन एक दिन वह गायब हो जाती है और सब सोचते हैं कि उसके साथ क्या हुआ होगा, वह कहां होगी?




# आईपीएल 2022 मेगा ऑक्शन श्रेयस पहले 10 करोड़ी, केकेआर ने 12.25 करोड़ में खरीदा, सबसे ज्यादा फायदा डु प्लेसी को,वैल्यू 337% बढ़ी

बेंगलुरु। आईपीएल मेगा ऑक्शन में अब तक सबसे महंगे बिकने वाले खिलाड़ी बने हैं, श्रेयस अय्यर। अय्यर को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 12.25 करोड़ में खरीदा है। वे पहले दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा थे। श्रेयस इस ऑक्शन के पहले 10 करोड़ी बन गए हैं। नीलामी में अब तक सबसे ज्यादा फायदा हुआ है, पूर्व अफ्रीकी कप्तान फॉफ डु प्लेसिस को, जिन्हें 7 करोड़ में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने खरीदा है। उनकी वैल्यू में 337% इजाफा हुआ।


**मनीष पांडे की वैल्यू 58% कम हुई-**1 करोड़ के बेस प्राइस वाले मनीष पांडे पर दिल्ली कैपिटल्स, सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ ने बोली लगानी शुरू की। अंत में लखनऊ ने 4.40 करोड़ में मनीष को खरीदा। सनराइजर्स हैदराबाद में पांडे की सैलरी 11 करोड़ रुपए थी। कई बार इन पर सेल्फिश खेलने के आरोप लगते रहे हैं, लिहाजा बहुत बड़ी रकम हासिल नहीं कर सके। इनकी वैल्यू वैल्यू 58% कम हुई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने फाफ डु प्लेसिस को 7 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा। डु प्लेसिस इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा थे। गुजरात टाइटंस को मिला पहला फास्ट बॉलर। गुजरात ने मोहम्मद शमी को 6.25 करोड़ रुपये में खरीदा है। श्रेयस अय्यर 12 करोड़ 25 लाख रुपये में बिके। कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें खरीदा

## विलियमसन को आईपीएल 2022 से पहले फिट होने की उम्मीद, हाल ही में हुई थी कोहनी की सर्जरी

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड और सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान केन विलियमसन को उम्मीद है कि वह आईपीएल 2022 से पहले पूरी तरह से फिट हो जाएंगे। उन्होंने हाल ही में कोहनी की सर्जरी करवाई है और फिलहाल रिहैबिलिटेशन में हैं। विलियमसन ने आईपीएल से पहले मार्च-अप्रैल में नीदरलैंड के खिलाफ होने वाली टी-20 और वनडे सीरीज तक भी पूरी तरह फिट होने की उम्मीद जताई है। 31 वर्षीय विलियमसन ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, ÷मेरी यह कोहनी की चोट बहुत पुरानी है और न्यूजीलैंड क्रिकेट और सनराइजर्स टीम प्रबंधन को इसके बारे में सब कुछ पता है।

# मोनालिसा ने फ्लॉन्ट किया टोन्ड फिगर, कैमरे के सामने दिए हॉट पोज

***मोनालिसा ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें पोस्ट की है। एक्ट्रेस येलो स्पोर्ट्स बिकिनी और ब्लैक कलर की लेगिंग्स में दिखाई दे रही हैं।*** भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा अपनी बोल्डनेस के लिए जानी जाती है। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है। वह अक्सर अपनी फोटोज और वीडियो से तहलता मचा देती है। मोनालिसा की अधिकांश तस्वीरें बेहद ग्लैमरस होते हैं। अब एक्ट्रेस ने ऐसी फोटोज शेयर की है। जिससे देखने के बाद फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं।मोनालिसा ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें पोस्ट की है। जिसमें एक्ट्रेस येलो स्पोर्ट्स बिकिनी और ब्लैक कलर की लेगिंग्स में दिखाई दे रही हैं। पहली तस्वीर में अपने पति विक्रांत सिंह राजपूत के साथ पोज देती नजर आई। वहीं अन्य फोटोज में एक्ट्रेस ने टोन्ड फिगर को फ्लॉन्ट किया है। मोनालिका सभी फोटोज में बेहद सेक्सी लग रही हैं। फैंस उनकी तस्वीरों को देखकर क्रेजी हो रहे हैं। वह जमकर रिएक्शंस दे रहे हैं।मोनालिसा ने पोस्ट में कैप्शन दिया, क्या देखते हो। खबर लिखे जाने तक फोटोज को 29 हजार से ज्यादा फैंस लाइक कर चुके थे। एक्ट्रेस की तस्वीरों पर फैंस जमकर कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि मुझे आपकी जैसी बॉडी बनानी है। वहीं अन्य फैंस ने उनकी जमकर तारीफ की है। मोनालिसा अक्सर विक्रांत सिंह राजपूक के साथ फोटोज शेयर करती है। हाल ही में उन्होंने अपनी शादी की पांचवीं सालगिरह मनाई। इस स्पेशल मौके पर एक्ट्रेस ने अपने पति के साथ शादी का अनसीन वीडियो शेयर किया है। जिसमें दोनों सात फेरे लेते हुए दिखाई दिए।






लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर
कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर
क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !
सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी
निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया
24 घंटे इमरजेंसी सुविधा
निःसंतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !
संपर्क - 9785438901, 8949138008
फ्री परामर्श
सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# तो देश का सबसे बड़ा मुद्दा हिजाब है!


राम गोपाल सैनी

संसद में बहस चल रही थी। विपक्ष मुद्दे उछाल रहा था और सत्ता पक्ष अपने तरीके से जवाब परोस रहा था। लोकतांत्रिक व्यवस्था में यही होता आया है। खासकर ऐसे समय में जब यूपी समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हों तो हर बात पर गौर किया जाता है। सवाल भी होते हैं और जवाब भी देने होते हैं। यह निर्णायक वक्त होता है जब जनता हिसाब चाहती है कामों का, वादों का और वादाखिलाफी का। ऐसे समय में कब किसका इंटरव्यू चैनलों पर आया, कब किसने कहां क्या बोला, कब कहां क्या घटना घटी? सबके मायने बन जाते हैं या निकाल लिए जाते हैं। चुनाव के मौसम में ध्रुवीकरण भी इन्हीं सबसे जन्म लेता है। अब जरा दिल्ली की संसद से कर्नाटक की भूमि पर चलिए। क्या हो रहा है? सब अपना समझा रहे हैं। कोई कह रहा है कि हिजाब इस्लाम में अनिवार्य ही कहां है। दूसरा पक्ष वो वीडियो ढूंढ लाया है, जिसमें कथित तौर पर छात्र इकट्ठा किए गए भगवा टोपी और गमछे को लेते दिखाई देते हैं। अगर आपने मुस्लिम छात्रा मुस्कान का वो वीडियो देखा होगा तो आप समझ गए होंगे कि उस दिन कॉलेज परिसर में क्या हुआ था। चारों तरफ से भगवा गमछा उछाल रहे 'मासूम विद्यार्थियों' की भीड़ थी और सामने एक अकेली छात्रा, जो 'जय श्री राम' के नारे का जवाब 'अल्लाह हू अकबर' से दे रही थी। मैंने ही नहीं, जिसने भी यह दृश्य देखा अच्छा नहीं लगा। हम तो राम-रहीम को मानने वाले लोग हैं। कोई कैसा, क्या किया है इसके लिए हमारे भारत की संस्कृति तो नहीं बदलेगी न। लेकिन इस घटना के बाद देशभर ही नहीं पाकिस्तान और दूसरे मुल्कों में भी यह खबर सुर्खियां बनी। उसके बाद देश में ज्ञानी सामने आ गए। यह बताने की जल्दी होने लगी कि हिजाब इस्लाम में कबूल है या अनिवार्य है या क्या है। मतलब हमें इस्लाम की जानकारी हो न हो, हम उलेमा या मौलाना या शरीया विशेषज्ञ हों न हो, हम कोर्ट या संविधान को जानते हों न हों लेकिन हम चौधरी बनेंगे और अपनी बात रखेंगे कि बताइए ऐसा होना चाहिए कि नहीं होना चाहिए। कम से कम विद्यालय में उद्दंडता का विरोध तो होना ही चाहिए था।हिजाब मुद्दा कर्नाटक में जनवरी में शुरू हो गया था। उडुपी के सरकारी कॉलेज में 6 मुस्लिम छात्राओं को हिजाब पहनकर कक्षा में बैठने से रोका गया। कॉलेज ने यूनिफॉर्म नियम को वजह बताया। इसके बाद छात्राओं ने कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका दायर की और तर्क रखा कि हिजाब पहनने की इजाजत ना देना संविधान के अनुच्छेद 14 और 25 के तहत मौलिक अधिकार का हनन है।

## इटावा कृषि उपज मंडी में कर्मचारियों की भर्ती प्रकियाधीन- मीणा

**जयपुर(नि.सं.)।** कृषि विपणन राज्य मंत्री मुरारी लाल मीणा ने विधानसभा में कहा कि पीपल्दा विधानसभा क्षेत्र की इटावा कृषि उपज मंडी में कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रियाधीन है तथा कर्मचारी चयन बोर्ड के द्वारा शीघ्र ही भर्तियों को भरा जाएगा। मीणा प्रश्नकाल में विधायकों द्वारा पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इटावा कृषि उपज मंडी में कर्मचारियों के 16 पद सृजित है तथा इनमें से 6 भरे हुए है तथा 10 पद रिक्त है। इन मंडियों में राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा जैसे ही कर्मचारी प्राप्त होंगे, इन पदों को भर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में इन मंडियों में कर्मचारियों की वैकल्पिक तौर पर व्यवस्था की हुई है। इससे पहले विधायक श्री रामनारायण मीणा के मूल प्रश्न के जवाब में श्री मीणा ने कहा कि राज्य की कृषि उपज मण्डी समितियों में कनिष्ठ सहायक के रिक्त 400 पदों पर सीधी भर्ती की कार्यवाही हेतु अर्थना, निर्धारित पाठयक्रम एवं स्कीम राजस्थान इन्स्टीट्यूट ऑफ को-ऑपरेटिव एजूकेशन एण्ड मेनेजमेण्ट (राइसेम) को भेजी गई थी परन्तु भर्ती हेतु विज्ञप्ति जारी नहीं किये जाने एवं आवश्यक संसाधन की कमी से अवगत कराये जाने के पश्चात सक्षम स्तर से निर्णय उपरान्त उक्त भर्ती की कार्यवाही राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के माध्यम से कराये जाने हेतु अर्थना दिनांक 24 नवबंर 2021 को प्रेषित कर दी गई है। उन्होंने कृषि उपज मण्डी समितियों में रिक्त पदों का विवरण सदन के पटल पर रखा।

सघन मिशन इन्द्रधनुष 4.0 अभियान

## नौ तरह की बीमारियों से बचाने के लिये लगाये जा रहे है सघन मिशन इन्द्रधनुष 4.0 अभियान के तहत बच्चों और गर्भवती महिलाओं को टीके

**जयपुर(नि.सं.)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले में सघन मिशन इंद्रधनुष 4.0 टीकाकरण अभियान का संचालन किया जा रहा है। इसमें 0 से 2 वर्ष तक के बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय, डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि सघन मिशन इंद्रधनुष 4.0 टीकाकरण अभियान के प्रथम चरण में जिले के करीब 487 बच्चों और 114 गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। बच्चों को नौ तरह की बीमारियों से बचाने के लिए बीसीजी, पोलियो, हेपेटाइटस बी, पेंटावेलेंट, एफआईपीवी, आरवीवी, पीसीवी तथा एमआर के टीके लगाए जा रहे हैं। अभियान में उन्हीं बच्चों को शामिल किया गया हैं, जो नियमित टीकाकरण से किसी भी कारणवश वंचित रह जाते हैं। इसी प्रकार नियमित टीकाकरण से वंचित गर्भवती महिलाओं को टीडी-1, टीडी-2 व बूस्टर टीडी के टीके लगाए जा रहे हैं।

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# बजट सत्र 2019-20 की घोषणाएं भी अभी तक पूरी नहीं : रामलाल शर्मा



**जयपुर (हमारा वतन)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा ने बजट सत्र के दौरान तारांकित प्रश्न के माध्यम से सरकार द्वारा 2019-20 में प्रदेश कि प्रत्येक पंचायत समिति में आवारा पशुओं की समस्या से निजात पाने के लिए नंदीशाला स्थापित करने की घोषणा पर मुद्दा उठाया। विधायक शर्मा ने प्रश्न के माध्यम से पूछा की सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत समिति में नंदीशाला खोलने की घोषणा सरकार द्वारा की गई थी, यदि हां, तो प्रदेश में विगत 3 वर्षों में कितनी पंचायत समितियों में नंदीशालाएं खोली गई और उन नंदीशालाओं के लिए कितना बजट आवंटित किया गया? विधायक शर्मा के जवाब पर गोपालन मंत्री ने बताया कि बजट 2019-20 में प्रत्येक पंचायत समिति पर नंदीशाला स्थापित करने की घोषणा की गई थी और बजट 2021-22 में इस कार्य को और व्यापक रूप से करने की दृष्टि से नंदीशालाओं को राशी 1.50 करोड रुपए के मॉडल के आधार पर बनाए जाने की घोषणा की गई है। वर्तमान में प्रदेश में पंचायत समिति स्तरीय नंदीशालाओ की स्थापना शून्य हैं। विधायक रामलाल शर्मा के सवाल पर गोपालन मंत्री ने माना कि राज्य सरकार द्वारा अभी तक एक भी पंचायत समिति स्तर पर नंदीशाला की स्थापना नहीं की गई है।

गोपालन मंत्री ने बताया कि पंचायत समिति में नंदीशालाओं के लिए 111.91 करोड़ की राशि का प्रावधान रखा गया है, जिला गोपालन समितियों द्वारा नंदीशाला संचालन करने वाली संस्था का चयन करने हेतु निविदा की कार्यवाही प्रक्रियाधीन होने के कारण वर्तमान तक प्रदेश में एक भी नंदीशाला नही खोली गई है। विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा अभी तक बजट 2019 की घोषणाएं भी पूरी नहीं की गई है और सरकार सिर्फ घोषणाएं करती है, धरातल पर काम नहीं करती है।

## नदियों को जोड़ कर जयपुर जिले में पानी लाने की मांग - भारतीय किसान संघ ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

**जयपुर(नि.सं.)।** भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम तहसीलदार प्रेमराज मीणा को पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना से जयपुर जिले की नदियों को जोड़ने के लिए ज्ञापन दिया। संभाग प्रचार प्रमुख डॉ. लोकेश कुमार चंदेल ने बताया कि किसान संघ के तहसील अध्यक्ष रामनिवास शर्मा (दनाऊ) के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में बताया गया कि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना के जयपुर जिले के सभी बांधों को भरा जाए, सरकार की ओर से अभी किए जा रहे प्रयास बहुत धीमे है। सरकार प्राथमिकता से पानी लाने की योजनाओं को समय पर पूरा करे। इस परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करवाकर पूरा करवाने के लिए केन्द्र सरकार पर दबाव बनाए। साथ ही राजस्थान को मिलने वाले यमुना के पानी से बस्सी पंचायत समिति और तूंगा पंचायत समिति के बांधों को जोड़कर बस्सी विधानसभा के सभी बांधों को भरा जाए।

लेखा सहायकों ने खोला सरकार के खिलाफ मोर्चा:बोले-

# 8,000 में घर चलाना हुआ मुश्किल,13 साल से कर रहे भर्ती का इंतजार, अब तो सुने सरकार



**जयपुर(नि.सं.)।** राजस्थान में युवा बेरोजगारों के बाद अब संविदा पर लगे लेखा सहायकों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पंचायती राज विभाग में लगे 750 से ज्यादा लेखा सहायकों ने बताया कि 13 साल का वक्त बीत जाने के बाद भी हम सिर्फ 8000 रुपए के वेतन पर काम करने को मजबूर है। जबकि सरकार ने 2013 में ही लेखा सहायकों की भर्ती निकाली थी, जिसमें संविदा पर लगे कर्मचारियों को नियुक्ति मिलने वाली थी। जिसे अब तक पूरा नहीं किया गया है। ऐसे में अगर सरकार ने इस बजट सत्र में हमारी मांग नहीं मानी। तो आने वाले वक्त में सरकार के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन किया जाएगा। लेखा सहायक के पद पर कार्यरत भावना ने बताया कि 2008 से सिर्फ 8,000 रुपए की तनख्वाह पर हमसे काम करवाया जा रहा है। जबकि महंगाई के इस दौर में 8,000 रुपएमें घर का खर्च चलाना और बच्चों को पढ़ाना नामुमकिन सा हो गया है। ऐसे में सरकार को न सिर्फ हमारी तनख्वाह बढ़ानी चाहिए। बल्कि लंबित भर्ती प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करना चाहिए। ताकि मजबूर लेखा सहायकों के बच्चे भी अच्छी शिक्षा ले सके।

**लेखा सहायत दर दर की ठोकर खाने को मजबूर:** वहीं, दिव्यांग लेखा सहायक विजय कुमार ने कहा कि कांग्रेस हो या बीजेपी दोनों ही सरकार हमसे वादे कर भूल गई है। पिछले 13 सालों से मुझ जैसे दर्जनों लेखा सहायक दर दर की ठोकर खाने को मजबूर है। हमारी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही। जबकि पंचायती राज विभाग में लगभग 2,000 पद रिक्त चल रहे हैं। लेकिन सरकार भर्ती नहीं निकाल रही है।महात्मा गांधी नरेगा लेखा सहायक संघ के प्रदेश महासचिव नरेंद्र सिंह राजपुरोहित ने बताया कि 13 साल का वक्त बीत जाने के बाद भी सरकार ने हमारी मांग को पूरा नहीं किया है।




RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 7296873757
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा